भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3070

(दिनांक 06.12.2019 को उत्तर देने के लिए)

प्रेस के लोगों को प्लॉट

3070. डॉ॰ टी॰आर॰ पारिवेन्धर:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास प्रेस के सभी प्रत्यायित व्यक्तियों को सरकारी फ्लैट/आवास/प्लॉट देने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश भर में आज की तिथि के अनुसार प्रेस के राज्य-वार कुल कितने प्रत्यायित व्यक्ति कार्य कर रहे हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्‌योग और लोक उद्‌यम मंत्री

(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क) और (ख): फिलहाल केन्द्र सरकार का प्रेस कर्मियों को सरकारी आवास/मकान/प्लॉट आबंटित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले नए मीडिया प्रतिनिधियों को प्रत्यायन प्रदान करता है। पीआईबी द्‌वारा कुल 2,731 प्रत्यायन दिए गए हैं।

*****